**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–01.02.2025 (संध्या–1900 बजे)**

## मुख्य समाचार

1. **वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में विकास में तेजी लाने, निजी क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए समावेशी विकास और मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता पर जोर दिया।**

2. **वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना और विकासशील कृषि जिला कार्यक्रम की घोषणा की, संशोधित ब्याज छूट योजना के तहत केसीसी ऋण सीमा 5 लाख रुपये की जाएगी।**

3. **सत्ता पक्ष ने आम बजट की सराहना की जबकि विपक्ष ने कहा– झारखंड के हितों की अनदेखी की गई।**

4. **नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं राज्यव्यापी अभियान में बोकारो और डाल्टनगंज में सीआरपीएफ और पुलिस को मिली बड़ी सफलता, हथियार के आलावा पांच आईईडी बम बरामद।**

**और**

5. **हॉकी इंडिया लीग के फाइनल में हैदराबाद तूफांस और श्राची राढ़ बंगाल टाईगर्स के बीच खिताबी मुकाबला राउरकेला में जारी।**

**समाचार विस्तार से**

*******************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज संसद में केन्द्रीय बजट 2025–26 प्रस्तुत किया। यह एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। वित्त मंत्री ने केन्द्रीय बजट में विकास के चार ईंजनों–कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात की पहचान की है और कहा कि इसका लक्ष्य विकास में तेजी लाना, समावेशी विकास सुनिश्चित करना, निजी क्षेत्र में निवेश में वृद्धि और देश के मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता बढ़ाना है।

वित्त मंत्री ने कहा कि नई कर व्यवस्था के अंतर्गत 12 लाख तक की आय पर कोई कर देय नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग भारत के विकास के लिए शक्ति प्रदान करता है।

वित्त मंत्री ने **टीडीएस/टीसीएस** दरों को युक्तिसंगत बनाने और वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कर कटौती की सीमा 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने का प्रस्ताव किया। किराए पर टीडीएस की वार्षिक सीमा दो लाख 40 हजार रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये की जाएगी, साथ ही अद्यतन विवरणी दाखिल करने की समय–सीमा दो साल से बढ़ाकर चार साल करने का प्रस्ताव रखा गया।

*******************

वित्तमंत्री ने प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना और विकासशील कृषि जिला कार्यक्रम की घोषणा की। इसके अंतर्गत 100 जिलों को शामिल किया गया है जिस में कृषि उत्पादकता और फसल की विविधता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय खाद्य तिलहन मिशन कार्यान्वित कर रही है, साथ ही अरहर, उड़द और मसूर के उत्पादन पर विशेष ध्यान देने के साथ छह वर्षीय **"दलहन आत्मनिर्भरता मिशन"** शुरू करेगी। बजट में सब्जियों और फलों के व्यापक कार्यक्रम के लिए उपायों की भी अवधारणा तैयार की गई है। श्रीमती निर्मला सीतारमण ने संशोधित ब्याज योजना के अंतर्गत किसान क्रेडिटों के माध्यम से मिलने वाले ऋण की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने की घोषणा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बजट में जो घोषणाएं हुई हैं, वह कृषि क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई क्रांति का आधार बनेगी

*******************

वित्त मंत्री ने विकास के लिए एमएसएमई को दूसरा शक्तिशाली इंजन बताया और बजट में लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों के वर्गीकरण के लिए निवेश की सीमा ढाई गुणा बढ़ाने और कारोबार सीमा भी दोगुनी करने का प्रस्ताव रखा। श्रीमती सीतारमण ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की पहली बार की उद्यमी पांच लाख महिलाओं के लिए एक नई योजना का शुभारंभ किया। यह अगले 5 वर्षों के दौरान 2 करोड़ रुपए तक के ऋण प्रदान करेगी।

*******************

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निवेश को वृद्धि का तीसरा इंजन बताते हुए लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश को प्राथमिकता दी। बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की घोषणा की गई, जिससे भारत में संपूर्ण प्रीमियम का निवेश अनिवार्य होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय डाक भुगतान बैंक की पहुंच बढ़ाने और भारतनेट परियोजना के तहत सरकारी स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी देने की योजना बनाई गई है।

*******************

श्रीमती सीतारमण ने निर्यात को विकास का चौथा इंजन बताते हुए कहा कि क्षेत्रीय और मंत्रालयी लक्ष्यों के साथ एक निर्यात संवर्धन मिशन का शुभारंभ किया जाएगा, जिसे वाणिज्य मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय और वित्त मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जाएगा।

******************

भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट की सराहना की है। रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में केंद्रीय बजट पर परिचर्चा का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेता शामिल हुए। श्री मरांडी ने बजट की सराहना करते हुए इसे भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने वाला बताया।

पार्टी प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने कहा कि बजट सर्वस्पर्शी है जिसमें महिलाओं, युवाओं, किसानों और छात्रों का विशेष ध्यान रखा गया है।

वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कहा है कि आम बजट में झारखंड के हितों की अनदेखी की गई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज पांडे ने कहा कि यह बजट बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए पेश किया गया है।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आम बजट को जनविरोधी बताते हुए कहा कि यह केवल डबल इंजन सरकारों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाया गया है। बोकारो में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बजट में मात्र 0.2 प्रतिशत लोगों का ही ख्याल रखा गया है, जबकि आम जनता उपेक्षित रह गई।

******************

आकाशवाणी रांची के समाचार सेवा प्रभाग द्वारा केंद्रीय बजट 2025–26 पर आज शाम आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक जीवंत परिचर्चा प्रसारित की जाएगी। इसमें आई आई एम रांची के प्रोफेसर प्रोसेनजीत चक्रवर्ती, चार्टर्ड अकाउंटेंट बिपिन कुमार और झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त सचिव नवज्योत अलंग हिस्सा लेंगे। इसे आकाशवाणी रांची के प्राइमरी चैनल पर सुना जा सकेगा।

******************

केंद्रीय बजट पेश होने के बाद राज्य के प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। गोड्डा चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव प्रकाश अग्रवाल ने केंद्र सरकार के बजट का स्वागत किया है।

इधर देवघर जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव कृष्ण धनखवाड़े ने कहा कि बजट में विशेषकर झारखंड के लिए कोई राहत नहीं दी गई।

******************

केंद्रीय बजट पर समाजसेवियों, आमजनों और छात्रों ने भी अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।
हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रहे छात्र मुकेश राम प्रजापति ने बजट का स्वागत किया है।

इधर खूंटी जिले के झाविमो पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहा कि बजट में गृहिणियों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं दिए गए।

******************

राज्य सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने गढ़वा जिले के अन्नराज डैम का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने डैम के पर्यटन और इको टूरिज्म के विकास पर चर्चा की और स्थानीय अधिकारियों से सुझाव लिए। मुख्य सचिव ने कहा कि अन्नराज डैम में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं और इसे और विकसित किया जाएगा।

******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में बोकारो और डाल्टनगंज में बड़ी सफलता मिली है। बोकारो पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त रूप से उपरघाट क्षेत्र से एके–47 राइफल, गोलियां, चार आईईडी बम और 500 रुपये नगद बरामद किए। इधर पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दुधिया गांव में पुलिस ने 9 किलो की आइईडी और एक देसी कट्टा बरामद किया। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि इस जमीन में गाड़कर रखे आइईडी बम को मौके पर नष्ट कर दिया गया।

******************

खूंटी जिले में नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत संचालित संपूर्णता अभियान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। और जानकारी दे रही हैं

******************

हॉकी इंडिया लीग के फाइनल में हैदराबाद तूफांस और श्राची राढ़ बंगाल टाईगर्स के बीच खिताबी मुकाबला राउरकेला में जारी है। कल राउरकेला में हैदराबाद ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को हराकर फाइनल में जगह बनाई। श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स की टीम तमिलनाडु ड्रैगन्स को हराकर फाइनल में पहुंची है।

************************

खूंटी जिले के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में सीएलएनएल और बोवेलैंडर फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से नीदरलैंड के एचसी ब्लूमेंडाल क्लब और झारखंड इलेवन महिला टीम के बीच मैत्रीपूर्ण हॉकी मैच का आयोजन किया। नीदरलैंड की टीम ने 6–0 से जीत हासिल की। विधायक रामसूर्य मुंडा और बोवेलेंडर फाउंडेशन के सीईओ फ्लोरिस बोवेलेंडर ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

*******************